प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की टीम दो दिवसीय दौरे पर कल आयेगी रांची।

2- राज्य के उद्योग निदेशक सुशांत गौरव ने कहा– तीस से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने झारखंड में फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निवेश की जतायी इच्छा।

3- मेदिनीनगर के पंचमुहान स्थित एक होटल में ठहरे बिहार के दो लोगों से 93 लाख रुपये नकद बरामद, एटीएस और आयकर विभाग की टीम कर रही है जांच।

4- जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा के दूसरे दिन आज भी राज्यभर में इंटरनेट सेवा बंद, व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियां पूरी तरह से प्रभावित।

5- भारत ने बांग्लादेश को चेन्नई क्रिकेट टेस्ट मैच में 280 रनों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की।

*******************

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की टीम दो दिवसीय दौरे पर कल रांची आयेगी। टीम में मुख्य चुनाव आयुक्त समेत तीनों चुनाव आयुक्त शामिल होंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि आयोग, रांची में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी और केंद्रीय बल समन्वयक से भी मुलाकात करेगा। आयोग की टीम सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ भी समीक्षा बैठक करेगा।

*******************

नयी दिल्ली में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया फेस्टिवल में झारखंड पवेलियन में आने वाली 30 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने झारखंड में फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निवेश की इच्छा जतायी है। राज्य के उद्योग निदेशक सुशांत गौरव ने बताया कि इससे झारखंड में लगभग एक हजार करोड़ रुपये की निवेश की संभावना है। इससे तकनीकी आदान–प्रदान और सहभागिता बढ़ेगी। साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पांच हजार से अधिक लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने वर्ल्ड फूड इंडिया फेस्टिवल में झारखंड पैवेलियन का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाने की वर्ल्ड फूड इंडिया की अच्छी पहल है।

*******************

भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल का जब भी विस्तार होगा, इसमें झारखंड से कुर्मी समाज के एक नेता को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह दी जायेगी। श्री चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड की जनता परिवर्तन चाहती है। इसके संकेत भाजपा की परिवर्तन यात्रा में देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्तूबर के पहले सप्ताह में चुनाव समिति की बैठक होगी।

*******************

पलामू के मेदिनीनगर के पंचमुहान स्थित एक होटल के कमरे से 93 लाख रुपये नकद बरामद किये गये हैं। बिहार के रहने वाले दो लोग रूपये लेकर मेदिनीनगर पहुंचे थे। गौरतलब हो कि सीजीएल परीक्षा को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी सभी होटलों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान ये रूपये बरामद किए गए। आयकर और दंडाधिकारियों ने नकद रूपये को जब्त कर सील कर दिया है। एटीएस और आयकर विभाग इस मामले की जांच कर रहा है। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वे दोनों बनारस के ठठेरी बाजार में स्थित जयपाल सोनी की सर्राफा दुकान में काम करते हैं। उनके मालिक ने ये पैसे मेदिनीनगर में किसी व्यक्ति को देने के लिए भेजा है।

*******************

केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के शुरुआती सौ दिनों में बुनियादी ढांचे, किसानों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की हैं। सरकार ने समाज कल्याण के लिए भी कई कदम उठाए हैं।

*******************

झारखंड में जेएसएससी–सीजीएल के दूसरे दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा आज भी बंद है। हमारे रांची संवाददाता ने खबर दी है कि इंटरनेट बंद रहने से व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियां पूरी तरह से प्रभावित हुई है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

वहीं विद्यार्थियों ने कहा कि इंटरनेट बंद होने से उनकी ऑनलाइन पढ़ाई बाधित हो गयी है।

*******************

चतरा जिले के इटखोरी स्थित भद्रकाली मैदान में 24 सितंबर को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण और योजनाओं का स्वीकृति पत्र वितरण करेंगे। इसके अलावा करोड़ों रूपये की विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन भी करेंगे।

*******************

गुमला जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 20 सितंबर से आगामी 27 सितंबर तक अभियान चलाया जा रहा है।

*******************

पुलिस मुख्यालय ने भाकपा माओवादियों के 27 सितंबर तक चलने वाले स्थापना दिवस को लेकर सभी जिलों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। पुलिस मुख्यालय ने आशंका जताते हुए कहा कि स्थापना दिवस के बहाने नक्सली अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास कार्य से जुड़े स्थल, सुरक्षा बलों के कैंप, रेलवे ट्रैक, मोबाईल टॉवर जैसे स्थानों को निशाना बना सकते हैं।

*******************

जामताड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के दौरान जामताड़ा पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्र के भेलाटांड़ और कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के लोहार बांध गांव से चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

*******************

भारत ने बांग्लादेश को दो क्रिकेट टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में 280 रनों से पराजित कर दिया है। इस जीत के साथ भारत ने 1–0 की बढ़त बना ली है। 515 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए, बांग्लादेश की टीम चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में 234 रनों पर ढेर हो गई। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने छह विकेट झटके और भारत को शानदार जीत दिलायी।

*******समाप्त*************